




नवभारत

भोपाल, बुधवार, 19 नवंबर, 2025


## एक नजर में



### अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आईं कई बाइक

**भैरुंदा.** मंगलवार को ग्राम छिदगांव मौजी में एक ट्रैक्टर-ट्राली के चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रोड किनारे स्थित सोसायटी में घुस गया और ट्राली पलटने से करीबन 5-6 मोटर साइकिल उसके नीचे दब गई है और रोड़ पर भीड जमा हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जहां मेन रोड़ के पास खाद सोसायटी के कमरे के केबिन में एक ट्रैक्टर-ट्राली जो रेत से भरी थी व पलटी हुई थी. जिससे सोसायटी का केबिन व कुछ मोटरसाइकल क्षतिग्रस्त हो गई थी. पुलिस द्वारा मौके से ट्रेक्टर ट्राली व रेत को हटाकर आवागमन को सुचारु रुप से चालू कराया गया. मौके पर ही सोसायटी प्रभारी अशोक मीना की रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आरोपी 20 वर्षीय शुभम पिता देवलाल गौंड निवासी ग्राम आम्बा कदीम को गिरफ्तार किया गया. आरोपी शुभम नशे के हालत में पाया गया. ट्राली से भरी रेत की रॉयल्टी और अन्य कार्यवाही के सम्बंध में खनिज विभाग को भेजी गई है.




### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए .जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान आदि उपस्थित थे.



### नपाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को दिया मदद का आश्वासन

**सीहोर.** विगत दिवस जिला चिकित्सालय में दलित प्रवेश परिहार तथा उनके पिता हरिसिंह परिहार के साथ एवं पुलिस कर्मचारी के साथ प्राणघातक हमले से घायलों से मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य के स बंध में जानकारी ली एवं अपनी संवेदनाए व्यक्त की तथा डॉक्टरों को पीड़ित परिवार का उचित ईलाज कराने के भी निर्देश दिए. इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने कहा कि शहर में की जा रही गुण्डागर्दी को बर्दाशत नहीं किया जाएगा. इस अवसर पर दलित जाटव समाज के लोग उपस्थित थे.



### सहकारिता के माध्यम से महिलाओं को बना रहे सशक्त

**सीहोर.** जिला सहकारी संघ के तत्वाधान में 72 वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के पांचवें दिवस का कार्यक्रम प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित कालापीपल जागीर में मानकुवंर बाई पूर्व सरपंच के मुख्यातिथ्य, महेन्द्र सिंह वर्मा अध्यक्ष दुग्ध संस्था की अध्यक्षता में मूलचन्द्र वर्मा के विशेष आतिथ्य में किया गया. मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेजसिंह ठाकुर ने कहा कि युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और संसाधन प्रदान करके सहकारिता उद्यमिता के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकता है. युवाओं को सहकारी क्षेत्र से जुड़कर अपना व्यवसाय करना चाहिए. महिलाओं को सशक्तिकरण में एक राष्ट्रीय विकास प्राथमिक बन गया है, जो शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता पर केन्द्रित है.




### झंडा दिवस निधि में दान करने की कलेक्टर ने की अपील

**सीहोर.** देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए, दिव्यांग हुए सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जाते हैं. कलेक्टर बालागुरू के ने जिले के सभी अधिकारियों एवं नागरिकों से झंडा दिवस निधि में अधिक से अधिक दान करने की अपील की है. कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि भारतीय सेना के तीनों अंग देश की रक्षा के लिए सदैव सजग रहते हैं. देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा एवं प्राकृतिक आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा में भी सेना का बहुत बड़ा योगदान है.

# बुजुर्गों की जान को खतरा देख तुड़वाया अनशन

## सोमवार की सुबह से ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस लेन की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे थे

- कॉलोनी के वाशिंदों द्वारा किया जा रहा है लगातार प्रदर्शन
- पूर्व में काले झंडे लगाने के अलावा बनाई थी मानव श्रृंखला

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 नवंबर. हाउसिंग बोर्ड कालोनी के समीप बन रहे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर नागरिकों के आक्रोश का उबाल बरकरार बना हुआ है. सोमवार को कालोनी के दो बुजुर्गों ने ओवर ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस लेन की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू किया था, लेकिन उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहे विपरीत असर को देखते हुए कालोनी के जागरुक लोगों ने 36 घंटे बाद उनका आमरण अनशन स्थगित करा दिया है.**

निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड की मांग को लेकर दो वरिष्ठ नागरिकों द्वारा शुरू किया गया आमरण अनशन मंगलवार को मार्मिक मोड़ पर समाप्त हुआ. इस दौरान प्रशासन की ओर से कोई सुध न लेने और अनशनकारियों की वृद्धावस्था व बिगड़ी सेहत को देखते हुए कॉलोनीवासियों ने दोनों बुजुर्गों से मार्मिक अपील व निवेदन करते हुए जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन स्थगित करवा दिया है.



**सीहोर.** लगातार 36 घंटे तक आमरण अनशन पर बैठे दोनों बुजुर्गों का कालोनी के लोगों ने अनशन तुड़वाते हुए उन्हें घर तक पहुंचाया.

गौरतलब है कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सर्विस रोड की मांग को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी विश्वनाथ सिंह और ओमप्रकाश अग्निहोत्री ने 17 नवंबर सुबह 10 बजे से आमरण अनशन पर बैठते हुए अन्न-जल त्याग दिया था और लगातार 36 घंटे तक अपनी मांग पर अडिग रहे. इस दौरान प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनसे मिलने तक नहीं पहुंचा।

अनशन पर बैठे ओमप्रकाश अग्निहोत्री की तबीयत 24 घंटे पूरे होते ही खराब हो गई थी. उन्होंने भावुक होकर कहा था मुझे बीपी और शुगर की प्रॉब्लम है, चक्कर आ रहे हैं. दुख इस बात का है कि हमने शासन को 8 बार पत्र लिखा, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई. मैंने मरना ही बेहतर समझा, इसलिए भूख हड़ताल पर बैठा हूं। बुजुर्गों ने दृढ़ता से कहा था कि जनहित में यदि जान भी जाए तो उन्हें कोई गम नहीं है. हालांकि अनशन लंबा खिंचने और बुजुर्गों की जान जोखिम में पड़ने के कारण स्थानीय निवासियों में उनके बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर चिंता निर्मित हो गई थी.

उल्लेखनीय है कि हाउसिंग बोर्ड के समीप रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण की शुरुआत से ही लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. ब्रिज कार्पोरेशन द्वारा ब्रिज में खतरनाक कर्व को लेकर कालोनी के रहवासी पहले से ही आक्रोशित थे. इसके बाद ब्रिज के एक तरफ ही सर्विस लेन बनाने के निर्णय को लेकर उनके आक्रोश का ज्वार भड़क उठा. उन्होंने बीते दिनों देवी माता की प्रतिमा को ज्ञापन देने से लेकर, सांप- सीढ़ी प्रतियोगिता, घरों पर काले झंडे लगाने और मानव श्रृंखला बनाने जैसे कदम उठाए थे. सोमवार से दो बुजुर्गों द्वारा आमरण अनशन शुरू किया गया था जो 36 घंटे बाद कालोनी के वाशिंदों के हस्तक्षेप से समाप्त हुआ.

कॉलोनीवासियों की मुख्य मांगें हैं निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड उपलब्ध कराई जाए. हाईवे का सीमांकन रेलवे बाउंड्री से किया जाए ताकि उनकी आवाजाही सुगम हो सके और दुर्घटनाओं का खतरा कम हो सके.

### कॉलोनीवासियों ने बुजुर्गों से की मार्मिक अपील

अनशन के दूसरे दिन मंगलवार को जब बुजुर्गों की शारीरिक स्थिति अधिक नाजुक हुई तो हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित आस-पास के निवासियों ने एकजुट होकर बुजुर्गों के जीवन को प्राथमिकता दी. उन्होंने अनशनकारियों से भावनात्मक अपील की और उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह किया. स्थानीय निवासियों ने जूस पिलाकर दोनों वरिष्ठ नागरिकों का आमरण अनशन तुड़वाया. इसके बाद जुलूस के रूप में दोनों बुजुर्गों को उनके घर तक ले जाया गया. कालोनी के रहवासी पूर्व पार्षद मनोज गुजराती ने कहा कि फिलहाल बुजुर्गों की स्थिति को देखते हुए आमरण अनशन स्थगित किया गया है. इसके बाद भी यदि हमारी मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को जारी रखा जा सकता है.

### दो नाबालिग बालिकाओं को किया बरामद



**आष्टा.** पुलिस द्वारा दो अलग-अलग मामलों में लापता हुई दो नाबालिगों को बरामद करते हुए उन्हें परिजनों को सौंप दिया है. इस मामले के आरोपियों के अलावा उनकी सहयोगी महिलाओं के खिलाफ भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है.

जानकारी के अनुसार गत 14 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को दो फरियादियों ने अपनी नाबालिग पुत्रियों के अपहरण होने की शिकायत दर्ज कराई थी. मुस्कान अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, एएसपी सुनीता रावत के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी आकाश अमलकर के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गईं. पुलिस टीमों ने एक बालिका को मेवाड़ा कॉलोनी आष्टा से तथा दूसरी बालिका को जोधपुर से बरामद किया। दोनों को परिजनों को सुपुर्द किया गया है. मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. एक प्रकरण में दो महिलाओं को भी आरोपी को शरण देने के अपराध में सह-आरोपी बनाया गया है.

## नगर में भारी वाहनों के आवागमन पर रोक

नवभारत न्यूज

**बुधनी 18 नवंबर.** नगर में लगातार भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण हो रही दुर्घटनाओं और बढ़ते खतरे को देखते हुए एसडीएम डीएस तोमर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू किया है. आदेश के अनुसार 2 एक्सल से लेकर 6 एक्सल तक के मालवाहक वाहन,ओएसवी मशीनरी व्हीकल आदि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक नगर सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे.

गौरतलब है कि भारी वाहनों की आवाजाही से अक्सर सड़क हादसे घटित होते थे. इसे देखते हुए निर्धारित समय में इन वाहनों का आवागमन बंद रहेगा, ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके और नगर में सुगम यातायात व्यवस्था बनी रहे। मीडिया द्वारा प्रकाशित समाचारो, नगर परिषद,व्यापारी संघ,पुलिस और संबंधित विभागों द्वारा जानकारी पहले भी दी गई थी कि भारी वाहनों की तेज गति से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिसके बाद यह आदेश जारी किया गया एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि सभी भारी वाहन भोपाल से नर्मदा पुरम, बैतूल, नागपुर, हरदा, जबलपुर मार्ग (एनएच-44) से होकर गुजरेंगे और बुधनी नगर में प्रवेश नहीं करेंगे. यह आदेश सार्वजनिक हित में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। आवश्यक सेवाएँ, दूध वाहन, फायर ब्रिगेड, नपा वाहन, पुलिस वाहन इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे.

## नपा ने बंधान के क्षतिग्रस्त गेट से जल रिसाव रोका

- शरारती तत्वों ने बंधान का गेट कर दिया था क्षतिग्रस्त
- नपा के अमले ने लगभग 150 रेत की बोरी से रोका पानी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 नवंबर.** अल्पवर्षा को देखते हुए नगरपालिका द्वारा बहते पानी को रोकने के लिए बंधान के गेट बंद कर दिए हैं. सीवन नदी के इलाही माता मंदिर के समीप बंधान के एक शटर को अज्ञात तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसके कारण पानी का तेज रिसाव हो रहा था. सीवन को खाली होता देख नगरपालिका द्वारा रेत से भरी बोरियों की मदद से रिसाव को रोकने का प्रयास किया गया है. इससे काफी हद तक पानी का रिसाव रूक गया है.

गौरतलब है कि इस बार अल्पवर्षा के कारण अधिकांश जलस्त्रोत खाली रह गए हैं. आगामी दिनों में पानी की किल्लत न बढ़े इसके लिए नगरपालिका द्वारा नदी- नालों में भरे पानी के बहाव को रोकने के लिए बंधानों को बंद कर दिया गया है. चद्दरपुल, कर्बला और इलाही माता के समीप सीवन नदी के गेट बंद कर दिए गए हैं. जिसके कारण सीवन वर्तमान में लबालब भरी नजर आ रही है. चंद रोज पहले अज्ञात तत्वों द्वारा इलाही माता के समीप बंधान का एक गेट क्षतिग्रस्त कर दिया था .जिसकी वजह से पानी का तेज रिसाव हो रहा था और सीवन खाली हो रही थी. जानकारी मिलने के बाद



नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा गेट को बंद करने के निर्देश दिए गए.

नपा के अमले ने लगभग 150 से अधिक बोरियों में रेत भरकर बंधान के गेट के समीप डलवाई हैं. अब पानी का रिसाव काफी कम हो गया है. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि आगामी दिनों में जब पानी का स्तर थोड़ा कम होगा तब गेट की मरम्मत कराई जाएगी. फिलहाल तो पानी का रिसाव कम होने से आसपास के रहवासियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि अगर नदी खाली हो जाती तो आसपास के बोर व हैंडपंप जवाब दे सकते थे.

### सोयाबीन के मॉडल रेट में एक बार फिर बढ़ोत्तरी

**सीहोर.** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 4255 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी. सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है. पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था. इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 को 4077 रुपए, 13 को 4130 रुपए, 14 को 4184 रुपए, 15 को 4225 रुपए, 16 को 4234 रुपए तथा 17 नवंबर को 4236 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था.

## नौकरी से हटाए सफाईकर्मी नपा के सामने धरने पर बैठे

- आष्टा नपा ने 85 सफाईकर्मियों को हटाने के दिए थे आदेश
- आंदोलन कर रहे कर्मचारियों ने नपा पर लगाए संगीन आरोप

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 नवंबर.** जिले के आष्टा नगर पालिका में ठेके पर रखे गए 85 सफाई कर्मचारियों को अचानक हटाने को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है. मंगलवार से इन सफाईकर्मियों ने नपा के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है. पहले दिन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए नपा अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया.




सफाई कर्मचारियों ने बताया कि उनको बिना किसी सूचना के हटाया गया है. नौकरी से हटाने के साथ ही उनका करीब दो साल का पीएफ भी नहीं दिया गया है. पीएफ को लेकर कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया है. सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नपा में अधिकारियों की मनमानी चल रही है. वह मनमर्जी से अपने हिसाब से कर्मचारियों को रखते और हटाते हैं. ऐसा ही उनके साथ हुआ है. सफाई कर्मचारियों ने बताया कि उनके साथ भेदभाव किया गया है। अभी वह हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन आगामी दिनों में जो सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं वह भी इस हड़ताल का हिस्सा बनेंगे. यदि ऐसा हुआ तो शहर में साफ सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है और गंदगी के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ेगा. शहर के 18 वार्डो को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी इन्हीं कर्मचारियों की है. इससे समझ सकते हैं कि नगर में स्वच्छता का माहौल बनाने में कितना बड़ा योगदान है. हालांकि शाम तक नपा कार्यालय में इस समस्या का समाधान निकालने के लिए अधिकारियों द्वारा विचार-विमर्श किया जाता रहा.

### पुलिस ने नाबालिग को किया बरामद

**जावर.** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जावर पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया है. गौरतलब है कि सोमवार को कजलास निवासी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सुनीता रावत एवं एसडीओपी श्री आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में निरीक्षक नीता देअरवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई कर बालिका को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द करते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी है.

## दिन में भी ठंड के अहसास से ठिठुरन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 नवंबर.** रात के बाद अब दिन के तापमान में भी गिरावट आने लगी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 1 डिग्री लुढ़ककर 26.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है. दिन में भी शीतलहर के असर से ठिठुरन बढ़ गई है. वहीं दूसरे दिन न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई और पारा 6.5 डिग्री रिकार्ड हुआ. तापमान में भले ही हल्की बढ़ोत्तरी हुई है लेकिन शीतलहर के कारण हाड़ कंपकपाने वाली ठंड महसूस हुई.

सुबह के समय खेतों में फसलों पर ओस की बूंदें ऐसी नजर आ रही थीं कि मानो बर्फ की चादर बिछ गई हो. मौसम विभाग की मानें तो अभी तीन दिन और ऐसा ही मौसम रहेगा. इसके बाद हवा का रुख दक्षिण-पूर्वी होगा, जिससे रात के समय तेज ठंड से मामूली राहत मिलेगी. पिछले 10 दिन से लगातार तेज ठंड का दौर बना हुआ है. एक दिन पहले सोमवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. जो सीजन की सबसे ठंडी रात थी. इन दिनों एक तरफ पूरे प्रदेश में शीतलहर का असर बना हुआ है. अधिकांश जिलों में स्कूलों का समय भी बदल दिया गया है, लेकिन सीहोर जिले में स्कूल का समय देरी से करने को लेकर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है. यहां तक भोपाल के कलेक्टर ने भी स्कूलों का समय बदलने के आदेश जारी कर दिए हैं, लेकिन सीहोर कलेक्टर ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है. यदि ऐसा ही रहा तो तेज ठंड का असर बच्चों की सेहत पर भी पड़ सकता है, क्योंकि कई स्कूलों में सुबह 8 से 8.30 के बीच प्राइमरी और मिडिल की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं.

**जन्मोत्सव** | विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर लिसा प्रांगण में हुआ अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

## सर्द रात का माहौल गीत- गजल व कविता से गर्माया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 नवंबर.** लीसा टांकिज मैदान पर सोमवार रात विधायक सुदेश राय के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय कवि लाफ़्टर चैंपियन सम्मेलन देर रात तक जारी रहा. सर्द रात में हास्य कवियों और लाफ़्टर चैंपियन ने एक से एक व्यंग्यबाण चलाकर जहां हंसा हंसा कर सैकड़ों दर्शकों में गर्माहट भर दी वहीं सुप्रसिद्ध कवियों ने रचनाओं से देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी कटाक्ष किया.

अखिल भारतीय हास्य कवि लाफ़्टर चैंपियन सम्मेलन का शुभारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय, बंटी नीलेश राय और रांझा राय, कवि सम्मेलन संयोजक राजकुमार रिंकू जायसवाल, संजय राय, दीपक राय और राय परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा वरिष्ठ कवि शशिकांत यादव शशि,सूत्रधार पंकज सुबीर की विशेष उपस्थिति में किया गया.

मंच पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय ने श्रोताओं को गुदगुदाने सीहोर आए कवियों लाफ्टर चैम्पियन का फूल माला पहनाकर गुलस्ता स्मृतिचिंह अंगवस्त्रम भेंटकर स्वागत किया और सम्मानीय नागरिकों का अभिवादन कर संबोधित करते




हुए राय परिवार को सेवाकार्य के लिए सदेव आशिर्वाद देते रहने के लिए नागरिकों का हदृय से आभार व्यक्त किया।

भव्य मंच से अरुण जैमिनी हास्य सम्राट,कवि शशिकांत यादव शशि,मशहूर शायर अज़हर इक़बाल, कवि अनिल चौबे हास्य व्यंग्य, पार्थ नवीन,सुश्री आयुषी राखेचा गीत, स्वयं श्रीवास्तव, मुन्ना बैटरी लाफ्टर, दिनेश देशी घी ने नागरिकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया. हास्य पैरोडीकार गज़ल, कविता, गीत और व्यंग्यों की वर्षा देर रात निरंतर होती रही.